हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 16 मार्च 2026

04 यादव समाज और रघुवंश परमार्थ ट्रस्ट का होली...



07 अधिक से अधिक पौधरोपण करें वर्तमान में...






## खबर संक्षेप

### सड़क, कचरा टैक्स और बेतवा प्रदूषण के विरोध में प्रदर्शन आज

**विदिशा।** शहर में बार-बार सड़कों की खुदाई, कचरा शुल्क वसूली और बेतवा नदी में मिल रहे सीवेज के विरोध में आज कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने नगर पालिका पर बिना योजना सड़कों की खुदाई और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के नाम पर बजट मिलने के बावजूद जनता पर कचरा टैक्स का बोझ डाला जा रहा है और सीवेज का गंदा पानी बेतवा में छोड़ा जा रहा है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने बताया कि दोपहर 3 बजे माधवगंज चौराहे से रैली निकालकर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### प्रस्फुटन समितियों को क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण दिया

**ग्यारसपुर।** ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण नवांकुर संस्था मणिपुर के तत्वावधान में हुआ, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समिति सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में सरपंच राजू कुशवाह, शिक्षक मनमोहन कुशवाह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख शैलेंद्र रघुवंशी ने किया। ब्लॉक समन्वयक स्वदेश आचार्य ने जागरूकता फैलाने के प्रयासों की जानकारी दी। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रस्फुटन समितियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता नीलेश नामदेव सहित समिति पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अस्थि संचय आज

**विदिशा।** आज्ञाराम गांधीनगर कॉलोनी निवासी इजारदार अभिनाश तिवारी अहमदानगर की पूज्य माताजी एवं स्वर्गीय इजारदार महेश तिवारी की धर्मपत्नी मनोरमा तिवारी का शुक्रवार रात निधन के बाद शनिवार को बेतवा तट मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार हुआ। जहां बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आज सोमवार की सुबह 8 बजे बेतवा तट मुक्तिधाम पर उनकी अस्थियों का संचय किया जाएगा।



### रोज बढ़ रहा तापमान, तेज हुआ गर्मी का असर

**विदिशा।** तापमान में इन दिनों रोज बढोतरी हो रही है। सुबह से ही निकल रही तेज धूप के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन व दिन बढ़ रही गर्मी के कारण बाजार में शीतल पेय पदार्थों की दुकानें सुबह से ही खुलने लगी हैं। रविवार को न्यूनतम तापमान 21 डिग्री और अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह से धूप और तीखी हो जाएगी और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार हो जाएगा।

## मुरवास क्षेत्र में सागौन की अवैध कटाई और जंगल की जमीन पर कब्जे का मामला गरमाया

# जंगल पर डाका! कंपार्टमेंट 351, 354 और 355 जमकर अवैध कटाई और अतिक्रमण की भरमार

**अवैध कटाई की सूचना देने पर अधिकारी बना देते हैं समय न होने का बहाना।**

### ग्रामीणों ने नाकेदार और रेंजर पर लगाए गंभीर आरोप



**विदिशा।** जगल में अवैध तरीके से भारी मात्रा में पेड़ काटे गए।

**जिम्मेदारी लेने नहीं हो रहा कोई तैयार, फिर कौन करेगा कार्रवाई?**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरवास

मुरवास क्षेत्र के वन विकास निगम के कंपार्टमेंट नंबर 351, 354 और 355 में सागौन के पेड़ों की लगातार हो रही अवैध कटाई और वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग के कुछ कर्मचारियों पर मिलीभगत कर जंगल की जमीन पर कब्जे कराने और अवैध कटाई करवाने के आरोप लगाए हैं। इस मामले ने क्षेत्र में वन संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुरवास निवासी खालिद खान ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में सागौन के पेड़ों की कटाई और फॉरेस्ट भूमि पर अतिक्रमण नाकेदार निरंजन और रेंजर नवीन भारद्वाज की मिलीभगत से कराया जा रहा है। उनका कहना है कि जंगल की जमीन पर ट्रैक्टर भी अधिकारियों से बात करके ही चलाए जाते हैं और अवैध गतिविधियां खुलेआम संचालित हो रही हैं। खालिद के अनुसार हाल ही में कंपार्टमेंट क्षेत्र में जो कटाई हुई है, वह राजेश चौहान और नाकेदार निरंजन द्वारा करवाई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉरेस्ट की जमीन को आबाद कराने के लिए 20 हजार से 50 हजार रुपए तक की सेटिंग की जाती है। खालिद ने यह भी दावा किया कि ट्रैक्टर चलाने के नाम पर उनसे भी राजेश चौहान और निरंजन द्वारा 30 हजार रुपए लिए गए हैं।

हालांकि रेंजर नवीन भारद्वाज ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले ही विभाग द्वारा इन कंपार्टमेंटों में कार्रवाई करते हुए 3 से 4 गाड़ियां पकड़ी गई थीं, जिन्हें डिपो में खड़ा कराया गया है। इस कार्रवाई के दौरान कुछ लोग विरोध करने भी पहुंचे थे, जिसके चलते पुलिस को बुलाना पड़ा था।

रेंजर का कहना है कि इसी कार्रवाई से नाराज होकर कुछ लोग अब झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन विभाग अवैध कटाई और अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। फिलहाल इस पूरे मामले ने क्षेत्र में जंगलों की सुरक्षा और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इन आरोपों की जांच कर ठोस कार्रवाई करते हैं या फिर जंगलों में हो रही कटाई और अतिक्रमण का यह सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

वन विकास निगम के अधिकारियों पर लगे आरोपों के संबंध में जब डीएम वन विकास निगम पदस्थ अधिकारी तरुण कौरव से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ऐसे में इस मामले में उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

वन समिति मुरवास के अध्यक्ष मंगलेश सक्सेना ने अतिक्रमण को लेकर वन विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नाकेदार राजेश चौहान, निरंजन और रेंजर नवीन भारद्वाज की मिलीभगत से जंगल की जमीन पर अतिक्रमण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब भी इस संबंध में अधिकारियों को सूचना दी जाती है तो व्यस्तता का हवाला देकर कार्रवाई टाल दी जाती है।

#### करा रहे कटाई

क्षेत्र में हो रही कटाई और अतिक्रमण नाकेदार निरंजन और रेंजर नवीन भारद्वाज की मिलीभगत से कराया जा रहा है। हाल ही में जो कटाई हुई है वह राजेश चौहान और निरंजन द्वारा करवाई गई है। फॉरेस्ट की जमीन आबाद कराने के लिए 20 से 50 हजार रुपए तक की सेटिंग होती है। ट्रैक्टर चलाने के नाम पर मुझसे भी 30 हजार रुपए लिए गए हैं।
- **खालिद खान,** निवासी मुरवास

#### मिलीभगत है

नाकेदार राजेश चौहान, निरंजन और रेंजर नवीन भारद्वाज की मिलीभगत से अतिक्रमण कराया जा रहा है। सूचना देने अधिकारियों को फोन किया जाता है, तो वह फोन नहीं उठाते। या फिर समय नहीं होने की बात कहते हैं।
- **मंगलेश सक्सेना,** अध्यक्ष वन समिति मुरवास

#### कार्रवाई जारी

चार दिन पहले ही हमने इन कंपार्टमेंटों में कार्रवाई कर 3-4 गाड़ियां पकड़ी थीं। इसी कार्रवाई से नाराज होकर अब झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाए जा रहे हैं।
- **नवीन भारद्वाज,** रेंजर

## पुरानी रंजिश में रिश्तेदार ने ही की थी महिला की हत्या, जेवर लूटकर घोंटा था गला

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण व बाइक जब्त




**विदिशा।** घटना के संबंध में जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे।

**महिला के परिवार के कारण आरोपी को पांच साल पहले गांव छोड़ना पड़ा था, जिसका बदला लिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

11 मार्च की रात करारिया थाना क्षेत्र में हुई महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है।

50 वर्षीय महिला सविता राजपूत की हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका ही रिश्तेदार निकला। जिसने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए महिला को मौत के घाट उतारा। शमशाबाद निवासी आरोपी चंदन सिंह राजपूत उर्फ लल्लू (35) को करीब 5 साल पहले महिला के परिवार के कारण गांव छोड़ना पड़ा था। आरोपी महिला को पहले से जानता था और दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश भी थी। जब आरोपी को पता चला कि सविता राजपूत शादी में आई है तो वह एक दूसरे व्यक्ति के साथ शादी में पहुंच गया। वहां उसने शराब पी इसके बाद रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच वह सविता को अपने साथ ले गया।

गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे ले जाकर महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी और करीब पांच लाख रुपए के जेवर उतार लिए। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया और अपने एक दोस्त के यहां रात बिताई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने की चूड़ियां, चेन, झुमके, मंगलसूत्र और चांदी की अंगूठियां बरामद की हैं। आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## हादसे की सूचना देने वाले कार चालक पर दर्ज कराया मामला

### अलग-अलग घटनाएं, बागरी के पास हादसा रंगई काली मंदिर के पास सड़क पर गिरा पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार रात दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बागरी के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार कार ने पहले सामने से आ रही एक कार को टक्कर मारी और इसके बाद आगे बढ़ते हुए एक बाइक सवार युवक को भी चपेट में ले लिया।

हादसे में विदिशा निवासी राजेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार के चालक पचौर निवासी चंद्रप्रकाश कुशवाह ने डायल-112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन घायल ने पुलिस को सूचना देने वाले कार चालक के खिलाफ ही मामला दर्ज करा दिया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला कार चालक मौके से फरार हो गया। ढोलखेड़ी चौकी प्रभारी इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर वाहन और चालक की तलाश कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दूसरी घटना भोपाल-सांची रोड पर रंगई काली मंदिर के पास हुई। पेड़ गिरते ही वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि समय रहते लोगों ने वाहन रोक लिए।

### 17 को 41 दुकानों का होगा पुनः निपटान

**विदिशा।** जिले में शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया जारी है। अब तक 33 कंपोजिट मदिरा दुकानों की नीलामी से शासन को लगभग 192 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हो चुका है। शेष 41 कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए पुनः नीलामी प्रक्रिया 17 मार्च को कलेक्ट्रेट में आयोजित की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी शरद पांडे ने बताया है कि जिले में कुल 74 कंपोजिट मदिरा दुकानें हैं, जिनमें से 33 दुकानों का टेंडर और ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निपटान किया जा चुका है। इन दुकानों की नीलामी से राज्य शासन को अब तक लगभग 192 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। शेष बची 41 कंपोजिट मदिरा दुकानों के निपटान के लिए मंगलवार 17 मार्च को प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

## पानी के लिए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आनंदपुर

ग्राम पंचायत आनंदपुर में नल-जल योजना को लेकर चल रहा विवाद अब उग्र रूप लेता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि 2 मार्च को नल-जल योजना में ठेकेदार द्वारा किए जा रहे कार्यों में अनियमितताओं को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी। इसके बाद भी काम में सुधार नहीं हुआ। 6 मार्च को विवाद के बाद जावती रोड क्षेत्र की दोनों पानी की पाइपलाइन बंद करवा दी गईं, जिससे कई घरों में पानी की भारी किल्लत हो गई और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने लगे। नाराज ग्रामीणों ने शनिवार की शाम के समय सड़क पर ड्रम और पानी भरने के साधन रखकर प्रदर्शन कर दिया। जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और लाइन चालू कराने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को उठाया।

### आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया



पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश शनिवार शाम फूट पड़ा। कांग्रेस युवा नेता एवं उप ब्लॉक अध्यक्ष नवीन करेरिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच जावती रोड तिराहे पर चक्काजाम कर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान सरपंच और ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और तत्काल पानी की सप्लाई शुरू करने की मांग उठाई गई। सूचना मिलते ही लटेरी तहसीलदार जगत प्रताप शौर्य मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने पीएचई विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार के कर्मचारियों को अगले दिन पाइपलाइन जोड़कर पानी सप्लाई चालू करने के निर्देश दिए। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

**विदिशा।** 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर कुरवाई के आजीविका भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल कुमार तंतुवाय, नापतौल निरीक्षक राजीव पांडे, एआरओ अभिषेक मिश्रा और खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुदेशिया खान ने उपभोक्ताओं को अधिकारों, सही माप-तौल, बिजली बिल समाधान योजना और खाद्य गुणवत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रदर्शनी भी लगाई गई। निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को 1000, 750 और 500 रुपए के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। लगभग 150 उपभोक्ता उपस्थित रहे।

### आश्रम की कार्यकारिणी गठित

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम की वर्ष 2026-28 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। भरतपुर मुख्यालय से आए चुनाव प्रभारी नरेंद्र तिवारी की उपस्थिति में आयोजित साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें डॉ. जी.के. माहेश्वरी को अध्यक्ष, जी.एस. चौहान को सचिव तथा दीपक माहेश्वरी को वित्त सचिव बनाया गया। बैठक में आश्रम की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए मानसिक दिव्यांग, असहाय, अनाथ व बेसहारा लोगों की सेवा कार्य को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों की भी घोषणा की गई।

## स्थाई लाइसेंस के फैसले से व्यापारियों को मिलेगी राहत

- 2.5 करोड़ खाद्य व्यवसाय संचालकों को मिलेगा लाभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्र सरकार द्वारा खाद्य व्यवसाय संचालकों को स्थायी लाइसेंस देने के निर्णय का व्यापारिक संगठनों ने स्वागत किया है। अब खाद्य व्यवसाय संचालकों को लाइसेंस स्थायी आधार पर दिए जाएंगे और बार-बार नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। इससे व्यापारियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं और देरी से राहत मिलेगी तथा भ्रष्टाचार की संभावनाएं भी कम होंगी।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि यह सुधार लगभग 2.5 करोड़ खाद्य व्यवसाय संचालकों जिनमें छोटे व्यापारी, खाद्य निर्माता, रेस्टोरेंट संचालक और स्ट्रीट फूड विक्रेता शामिल हैं के लिए लाभकारी होगा।

रवि तलरेजा ने बताया कि बेसिक पंजीकरण की टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दी गई है, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। इसके साथ ही जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू कर लाइसेंसिंग व्यवस्था को और सरल बनाया जाएगा।विदिशा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि तलरेजा ने बताया कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुधारवादी विज़न को दर्शाता है और व्यापारियों पर अनुपालन के बोझ को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने यह घोषणा की है।

### वार्षिकोत्सव में स्वयंसेवकों ने किया योग व खेलों का प्रदर्शन

**गुलाबगंज।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गुलाबगंज नगर की महाराणा प्रताप शाखा का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सूर्यनमस्कार, व्यायाम योग, समता, नियुद्ध और विभिन्न खेलों का आकर्षक प्रदर्शन किया। शाखा में चलने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से अनुशासन, शारीरिक क्षमता और व्यक्तित्व विकास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में नगर कार्यवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ की शाखा में होने वाली गतिविधियाँ स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा खेल और समता से अनुशासन का अभ्यास होता है।

## कर्मा देवी जयंती पर निकाली शोभायात्रा, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# एक बीघा जमीन पर बनेगी साहू समाज की नई धर्मशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

माता कर्मा देवी जयंती के अवसर पर रविवार को शहर में साहू समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई।

दोपहर 12 बजे साहू समाज धर्मशाला, श्रीराम नगर चौराह, बरईपुरा से प्रारंभ हुई शोभायात्रा माधवगंज से शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह समाजजनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान राधा-कृष्ण के सजीव स्वरूप नृत्य करते हुए चल रहे थे, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं एक सुसज्जित रथ में माता कर्मा बाई की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसकी मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा में डीजे, ढोल-नगाड़े और बैंड की धुनों के बीच समाज के युवक-युवतियां और महिलाएं नृत्य करते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। शाम को साहू समाज धर्मशाला बरईपुरा में धर्मसभा आयोजित की गई, जिसमें समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साहू समाज के अध्यक्ष एवं पार्षद एडवोकेट कपिल साहू ने कहा कि समाज के युवा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करना समाज के लिए गर्व का विषय है। प्रतिभा सम्मान समारोह के बाद धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केके साहू, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल साहू, जिला अध्यक्ष सुरेश साहू, जिला मंत्री बनवारी लाल साहू, पूर्व महामंत्री राकेश साहू , सुनील साहू, पोख़नलाल साहू, शिवचरण साहू, नवीन साहू आदि मौजूद रहे।




#### निर्माण के लिए शासन से लिया जाएगा सहयोग

समाज के प्रवक्ता नरेश राज साहू ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा, दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि समाज की बढ़ती संख्या और वर्तमान धर्मशाला की सीमित व्यवस्था को देखते हुए एक बीघा भूमि लेकर नई एवं विशाल धर्मशाला के निर्माण का संकल्प लिया गया है। भूमि समाजजनों के सहयोग से खरीदी जाएगी, जबकि भवन निर्माण के लिए शासन से सहयोग मांगा जाएगा।

## झूलेलाल जयंती पर निकली एकता वाहन रैली, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिंधी पंचायत द्वारा रविवार को भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एकता वाहन रैली निकाली। रैली में सिंधी समाज के लोगों ने बाइक और चार पहिया वाहनों के साथ भाग लिया।

सिंधी पंचायत के ऑडिटर रवि तलरेजा ने बताया कि यह विशाल एकता वाहन रैली झूलेलाल मंदिर प्रांगण, सिंधी धर्मशाला डंडापुरा से प्रारंभ हुई। पंचायत के पुरोहित राकेश शर्मा ने मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ रैली का शुभारंभ किया। इसके बाद भगवान झूलेलाल के जयकारों के बीच वाहनों का काफिला शहर की ओर रवाना हुआ। रैली झूलेलाल मंदिर प्रांगण से शुरू होकर सिंधी कॉलोनी, बस स्टैंड, नीमताल, हॉस्पिटल रोड, माधवगंज, निकासा रोड, तिलक चौक, बड़ा बाजार और डंडापुरा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी।

अंत में यह पुनः सिंधी कॉलोनी पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल लोग भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दे रहे थे। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर इसका भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह लोगों ने हाथ जोड़कर भगवान झूलेलाल को नमन किया और समाज की एकता की सराहना की। पूरे मार्ग में धार्मिक और उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।



## खबर संक्षेप

### पाठ समापन व भंडारे का आयोजन आज

**गंजबासौदा।** ग्राम स्यारी में हनुमान जी महाराज समिति द्वारा श्रीश्री 1008 हनुमान महाराज मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री राम चरित मानस अखण्ड पाठ दिनांक 13 दिसम्बर 25 से निरंतर चल रहा है। जिसका समापन कीर्तन भंडारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम 16 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील की गई है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**गंजबासौदा।** छुलैंटा रेलवे स्टेशन के समीप रविवार सुबह एक युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। आशंका जताई जा रही है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को बरामद किया और परीक्षण के लिए पहुंचाया। हालांकि मृतक के पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। मृतक की पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से पूछताछ की जा रही है। उप निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि मृतक युवक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच है। उसने नीले रंग की जींस और काले रंग की शर्ट पहनी हुई थी, शरीर पर पहचान संबंधी कोई विशेष निशान नहीं है। पुलिस ने मृतक के शव का परीक्षण कराकर उसके शव को सुरक्षित रख लिया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं। साथ ही पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### पूजन अर्चन के साथ रंग गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

# यादव समाज और रघुवंश परमार्थ ट्रस्ट का होली मिलन समारोह हुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को नगर में जगह जगह होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा समाजजनों एवं नागरिकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं।

श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में होली मिलन समारोह के साथ-साथ रामनवमी की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर आगामी रामनवमी महोत्सव के कैलेंडर का विमोचन किया गया और समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान रामनवमी के आयोजन को भव्य बनाने और शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी सहमति बनी। बैठक की शुरुआत भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा को गुलाल अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि रंगों का यह पर्व सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। होली, भुजरिया मिलन और रंग पंचमी ऐसे पर्व हैं, जिनमें जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा मांगकर नए सामाजिक जीवन की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रघुवंशी समाज का सौभाग्य है कि भगवान श्रीराम उसी वंश में अवतरित हुए जिस वंश से हम सब हैं। इसलिए उनका जन्मोत्सव समाज को अपने पारिवारिक उत्सव की तरह मनाना चाहिए।

उन्होंने इस अवसर पर गौ-सेवा, गरीबों की सहायता, असहाय और निर्धनों को भोजन कराने का भी आह्वान किया। आगामी रामनवमी एक कार्यक्रम में समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं को परिवार सहित शामिल होना चाहिए। विधायक रघुवंशी ने रघुकुल युवा परिषद सहित समाज के वरिष्ठजनों से आग्रह किया कि वे सभी समाजों के द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन में, शोभायात्रा का स्वागत कर सामाजिक एकता और सनातन धर्म की मजबूती का संदेश दें। इस दौरान रघुकुल युवा परिषद के अध्यक्ष रोहित रघुवंशी तिलातिली ने पिछले वर्ष रामनवमी सहित परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के आय-व्यय का लेखा-जोखा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि परिषद के कार्यकर्ता नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी रामनवमी महोत्सव का निमंत्रण देकर लोगों से आयोजन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर घरों और पूजन कक्षों में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। साथ ही समाजजनों से घर-घर भगवा ध्वज लगाने का भी आह्वान किया गया। विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रस्ताव पर बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी के चल समारोह में मातृशक्ति की भी सहभागिता रहेगी। इसके लिए महिलाओं का संगठन भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में शिक्षक नारायण सिंह रघुवंशी, जवाहर सिंह रघुवंशी एडवोकेट, देवेंद्र सिंह शिक्षक, पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने भी आयोजन की भव्यता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी राजखेड़ा, रघुवंशी समाज के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी रामजी, पूर्व अध्यक्ष फूल सिंह रघुवंशी मास्टर, गुलाब सिंह रघुवंशी आरआई, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राहुल रघुवंशी छीपनी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### समाज के विद्यालय संचालकों का किया सम्मान

**गंजबासौदा।** पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में यादव समाज धर्मशाला में समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राधा कृष्ण की पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे समाज के विद्यालय संचालकों का सम्मान किया गया, जिनमें केएस यादव, जगदीश यादव, जितेन्द्र यादव, जयपाल यादव, ब्रजेश यादव आदि शामिल रहे। इस मौके पर तहसीलदार अरविंद यादव और त्योंदा जेई उपदेश यादव, प्रधान आरक्षक बैजनाथ यादव का भी सम्मान किया गया। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रमेश यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, यशपाल यादव, संजय यादव, विद्या यादव, मनोहर यादव, समाज अध्यक्ष मनोज यादव, महेश यादव, सुनील यादव, संजू यादव, डालसिंह यादव, लेखराज यादव, शैतान सिंह, माधौ सिंह, भारत सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह, देवीसिंह, केशव यादव, कुंजीलाल यादव, बलराम यादव, राजपाल यादव, दंगल यादव सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर यादव समाज सेवा समिति गंजबासौदा के पदाधिकारियों ने दो वर्ष का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया एवं धर्मशाला निर्माण में सहयोग की अपील की।

## शासकीय अस्पताल के पास नर्सिंग कॉलेज खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में बने नए शासकीय अस्पताल भवन के पास नर्सिंग प्रशिक्षण कॉलेज खोलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। नागरिकों का कहना है कि पुरानी कृषि मंडी के प्रांगण में नर्सिंग कॉलेज खुला तो मरीजों, विद्यार्थियों को बड़ा लाभ मिलेगा। करीब 34 करोड़ रुपए की लागत से बने नए शासकीय अस्पताल भवन का लोकार्पण हो चुका है। अस्पतालको वहां शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। नागरिकों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने नगर में नर्सिंग प्रशिक्षण कॉलेज खोलने की योजना बनाई है। कॉलेज अस्पताल के पास स्थित पुराने कृषि मंडी प्रांगण में शुरू होना चाहिए। परिसर के एक हिस्से में अस्थायी सब्जी मंडी चल रही है। शेष स्थान नर्सिंग कॉलेज के लिए उपयुक्त माना जा रहा है।अस्पताल के पास कॉलेज होने से नर्सिंग विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल को प्रशिक्षु विद्यार्थियों की मदद मिलेगी। मरीजों को बेहतर देखभाल, सुविधाएं मिल सकेंगी। नागरिकों ने बताया कि विदिशा में जिला अस्पताल के पास मेडिकल कॉलेज बनने से दोनों संस्थानों को लाभ मिला। गंजबासौदा में भी अस्पताल के पास नर्सिंग कॉलेज खुलना चाहिए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इससे नगर में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।

## मां कर्मादेवी की जयंती पर नगर में निकली वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को मां कर्मा देवी जयंती नगर में साहू समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। सुबह 9 बजे नगर में वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली काला बाग स्थित सिद्धेश्वरी माता मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली और पचमा रोड स्थित श्री राधाकृष्ण मां कर्मा देवी मंदिर पहुंची जहां उसका समापन हुआ। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने नपा द्वारा बनवाए और सौंदर्यीकरण किए गए मां कर्मादेवी चौराहे का भी लोकार्पण किया। रैली में समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद दोपहर 2 बजे से मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना हुई, आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। समाज अध्यक्ष काशीराम साहू ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी जयंती के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। जयंती समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया किया गया। इससे विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, नागरिक, समाजजन मौजूद रहे।

## डिवाइडर से टकराकर कार हुई दुर्घटना का शिकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को रात्रि के समय त्योंदा रोड अरिहंत नगर मुख्य द्वार के पास एक अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार के दुर्घटनाग्रस्त होते ही उसके एयर बैग भी खुल गए तथा अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और आयल फैल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार बारात समारोह में शामिल होने आई थी। कार में दूल्हा नहीं था कुछ परिजन बैठे हुए थे, जो सभी सुरक्षित बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारात नटेरन तहसील के ग्राम निपनिया से नगर में आई हुई थी। बताया जाता है कि कार सड़क पर बने डिवाइडर से जा टकराई थी। डिवाइडर के कट पाइंट पर रेडियम पट्टी न लगी होने और सडक पर पर्याप्त रोशनी न होने से यह हादसा हुआ। ऐसे हादसे पूर्व में भी हो चुके हैं। नागरिकों एवं वाहन चालकों ने नपा प्रशासन से डिवाइडर पर रेडियम पट्टी लगाने और सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है।

### वाहनों के टायर हो रहे क्षतिग्रस्त

**गंजबासौदा।** नगर के त्यौंदा रोड पर गोयल पेट्रोल पंप के पास पुलिया निर्माण के समय कर्मचारियों ने गार्डर काटने के दौरान उसके निचले हिस्से को छोड़ दिया था। जिससे अब पुलिया चौड़ीकरण के बाद वहां से वाहन निकलना शुरू हो गए हैं और गार्डर के ये निचले हिस्से पहियों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। वाहन चालकों ने नपा प्रशासन से इस समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## कमर तक पानी में उतरकर निकाली जलकुंभी, काई और कचरा, श्रमदान दल का 23 वां चरण संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी को स्वच्छ और जीवनदायिनी बनाए रखने के संकल्प के साथ श्रमदान दल गंजबासौदा द्वारा चलाया जा रहा साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 लगातार समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को बेतवा नदी तट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के तहत स्वच्छता अभियान का 23वाँ चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। हर रविवार को नियमित रूप से चलने वाले इस अभियान में श्रमदान दल के सदस्य नदी घाटों और प्रवाह क्षेत्र से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा एवं अन्य सामग्री निकालते हैं। इस रविवार भी तीन घंटे तक चले श्रमदान कार्य में कुछ स्वयंसेवकों ने कमर तक पानी में उतरकर प्रवाह क्षेत्र से जल कुंभी हटाने का कार्य किया तो दूसरी ओर कुछ सदस्यों ने घाटों पर फैले प्लास्टिक, पॉलीथिन, कपड़े, पूजा सामग्री के अवशेष तथा अन्य अपशिष्टों को एकत्रित किया।

श्रमदान दल अभियान के दौरान श्रमदान दल के सदस्यों ने एक नई और गंभीर समस्या की ओर समाज का ध्यान आकर्षित किया। हाल के समय में यह देखा जा रहा है कि कई लोग अपने परिजनों के निधन के बाद उनसे जुड़ी सामग्री जैसे कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, काँच की चूड़ियाँ और श्रृंगार सामग्री यहाँ तक कि मेडिकल सामग्री जैसे सिरप, टैबलेट, मास्क, इंजेक्शन, इन्हेलर, ड्रॉप और डायपर भी नदी किनारे या घाटों के आसपास फेंक देते हैं। जबकि सोचन समझने वाली बात यह है कि उक्त सामग्री का नदियों के किनारे फेंकने का क्या औचित्य है। दल के अनुसार लोगों की यह प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। क्यों कि कपड़े या अन्य सामग्री पानी में पड़े पड़े सड़ती है तो दवाइयों के रासायनिक तत्व जल में घुलकर मछलियों और अन्य जलीय जीवों के लिए हानिकारक हो सकते हैं, वहीं इंजेक्शन, काँच की शीशियाँ और नुकीली वस्तुएँ मनुष्यों और जानवरों के लिए चोट और संक्रमण के खतरे का कारण बनते हैं।

पाँच वर्षों से जारी है सेवा का संकल्प उल्लेखनीय है कि श्रमदान दल पिछले लगभग पाँच वर्षों से निरंतर और निर्बाध रूप से बेतवा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। इस दौरान सैकड़ों टन कचरा नदी घाटों और प्रवाह क्षेत्र से निकालकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। दल के सदस्य हर रविवार को एकत्रित होकर श्रमदान करते हैं और समाज में नदी संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता का संदेश फैलाते हैं। समाज से की भावुक अपील श्रमदान दल ने नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि किसी प्रियजन की स्मृति का सम्मान करने का सही तरीका यह नहीं है कि उनकी वस्तुओं को नदियों के किनारे फेंक दिया जाए। यह आस्था नहीं, बल्कि अनजाने में प्रकृति और समाज दोनों के लिए खतरा बन सकता है। दल ने नागरिकों से आग्रह किया कि ऐसी सामग्री का सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करें तथा नदियों को केवल आस्था का ही नहीं, बल्कि संरक्षण का प्रतीक बनाएं।

## छात्र का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चित्रकूट मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के पश्चात रेलवे स्टेशन पर घर वापस आए होनहार स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। इस शिविर में स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के विकास मीणा का भी संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव एवं खेल प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह दांगी सहित सभी स्वयंसेवकों के अभिभावकों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान स्वयंसेवक विकास मीणा ने केम्प के अनुभव शेयर करते हुए कहा कि उनके जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय कैंप एक सुखद अनुभव और भविष्य की स्वर्णिम योजना लेकर आया है।

संस्था प्राचार्य उमेश चंद यादव ने बताया कि पिछले 7 दिनों से राज्य स्तरीय एनएसएस केम्प चित्रकूट में संचालित हो रहा था। जहां पर बच्चों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय भावना की जागरण के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा था। प्रशिक्षित स्वयंसेवक अब अपनी संस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और अन्य स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करेंगे।

### रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष पर हुआ आयोजन

## समिति ने 124 महिला शक्ति का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बासौदा रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत डॉल्फिन स्कूल में रक्तदाता एवं मातृशक्ति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रक्तदान करने वाली महिला शक्ति व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने वाली महिला शक्ति को उत्कृष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर पुष्पांजलि शर्मा, पतंजलि प्रदेश प्रभारी भोपाल, मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर संध्या त्रिवेदी गायत्री परिवार भोपाल, पूजा श्रीवास्तव, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, विधायक हरि सिंह रघुवंशी, एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी , राजेश तिवारी संरक्षक रक्त सेवा समिति, राकेश जैन अध्यक्ष रक्त सेवा समिति, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित, ममता जैन अध्यक्ष रक्त सेवा समिति महिला इकाई, शुभेंद्र राजपूत अध्यक्ष युवा विंग रक्त सेवा समिति, कार्यक्रम के प्रायोजक सुदेश अरोरा , कार्यकारी अध्यक्ष विद्या यादव, पार्वती शर्मा, ममता राठौर तहसील समन्वयक जन अभियान परिषद, अनिल दुबे सचिव रक्त सेवा समिति, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात नवांकुर विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत का प्रस्तुति दी।

रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ने सभी अतिथियों हेतु स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात महिला इकाई रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष ममता जैन ने समिति का प्रतिवेदन व परिचय सभी के समक्ष रखा। इस अवसर पर नवांकुर डॉल्फिन की छात्राओं ने रक्तदान संबंधित जन जागरूकता गीतों का प्रस्तुतीकरण किया। महिला इकाई की सदस्य अनुश्री वैशाखिया ने एक सुंदर गीत का प्रस्तुतीकरण किया। सभी उपस्थित जन ने रक्त सेवा समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। अतिथि उद्बोधन की श्रृंखला में डॉक्टर पुष्पांजलि शर्मा ने वैज्ञानिक व व्यावहारिक ढंग से रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ संध्या त्रिवेदी ने महिला शक्ति की प्रशंसा करते हुए महिलाओं को समाज सेवा के हर क्षेत्र में आगे आने हेतु प्रेरित किया, एसडीएम एसडीओपी मैडम ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संस्थापक राजेश तिवारी ने 2001 से लेकर अभी तक समिति द्वारा किए गए कार्यों को उपस्थित जन समुदाय के समक्ष प्रस्तुत किया। अदिति अरोरा ने सभी अतिथियों का आभार माना जबकि कार्यक्रम का संचालन संदीप रावत ने किया। इस कार्यक्रम में 124 महिला शक्ति का सम्मान किया गया। पुरस्कार के रूप में उन्हें रक्त सेवा समिति का स्मृति चिन्ह, माला, जीवन लय पत्रिका प्रदान की गई।

## यूथ एंगेजमेंट ओरियंटेशन कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्लॉक में यूनिसेफ LEHS W-AI के सहयोग से जीरो डोज कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यूथ एंगेजमेंट ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में RKSK साथिया एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के वालेंटियर शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में टीकाकरण के प्रति समझ विकसित करना तथा उन्हें समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में लगभग 75 युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर युवाओं को बताया गया कि टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। साथ ही जीरो डोज बच्चों की पहचान कर उन्हें नियमित टीकाकरण से जोड़ने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। RKSK ट्रेनर अनीता एवं पिंकी ने किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, साथिया की भूमिका तथा समुदाय में जागरूकता फैलाने के तरीकों के बारे में युवाओं को मार्गदर्शन दिया। वहीं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने युवाओं को सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर भागीदारी करने और गांव-गांव में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में परामर्शदाता जगदीश साहू, रितु दांगी, गोपाल शरण मिश्रा, LEHS W-AI UNICEF जिला समन्वयक जशवंत सिंह राजपूत, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने-अपने गांव और मोहल्लों में जाकर लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करें और यह सुनिश्चित करने में सहयोग करें कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्र में टीकाकरण जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए जीरो डोज बच्चों की पहचान और उन्हें टीकाकरण से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।


### अक्षांश-देशांतर पर आधारित शिव पंचांग का वितरण



**गंजबासौदा।** स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में रविवार को विदिशा जिले के अक्षांश-देशांतर पर आधारित श्रीशिव पंचागम का विमोचन एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आचार्य, शास्त्री और बटुक ब्राह्मण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों को पंचांग का वितरण किया गया।मालूम हो कि हिंदू पंचांग के अनुसार हिंदी तिथि के अनुसार गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि नव संवत्सर नए वर्ष का आरंभ हो जाता है। पंचांग का निर्माण और प्रकाशन विदिशा (कागपुर) निवासी विद्वान ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज व्यास शास्त्री द्वारा किया गया है।

खबर संक्षेप

## वरिष्ठ पत्रकार जफर के पिता अनीस उल्लाह का आकस्मिक निधन



**सिरोंज।** सिरोंज पत्रकार महासंघ के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार जफर उल्लाह के पिता शिक्षाविद वरिष्ठ समाजसेवी अनीस उल्लाह का आकस्मिक निधन हो गया। इस मौके पर सिरोंज पत्रकार महासंघ द्वारा शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वही सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार जफर उल्लाह के पिता अनीस उल्लाह का स्वास्थ्य काफी लंबे समय से खराब चल रहा है। वही अपने पिता की सेवा जफर उल्लाह दिन रात लगें रहते थें। वरिष्ठ शिक्षाविद अनीस उल्लाह का सिरोंज में शिक्षा के क्षेत्र में उनका एक अलग ही स्थान रहा है। वह अपने छात्र जीवन में फुटबॉल के काफी अच्छे खिलाडी में थें। उन्होने समय समय पर फुटबॉल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर सिरोंज का नाम रौशन किया है। नगर के हाई स्कूल में भी वह एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपने सेवाएं दे चुके हैं।

## कलेक्टर की अपील : गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने रखें सकोरे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिलेवासियों से अपील की है कि आप भी अपने घरों, प्रतिष्ठानों, दफ्तरों में पक्षियों के लिए सकोरे रखें, जिससे वे अपनी प्यास बुझा सकें। ग्रीष्म ऋतु में पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर ने मिट्टी के सकोरे रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम आते ही तपन बढ़ जाती है और अधिकांश नदी-नाले भी सूख जाते हैं। इस स्थिति में बेजुबान पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर के द्वारा मिट्टी के सकोरे सभी कार्यालयों में रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

नवांकुर संस्था जन कल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा द्वारा समितियां का एक दिवसीय क्षमता

# अधिक से अधिक पौधरोपण करें वर्तमान में बहुत ही आवश्यकता




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर गरेंठा मे नवाकुर योजना अंतर्गत प्रसफुटन शक्ति अभियान के तहत सेक्टर स्तरीय समितियों का एक दिबसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच एवं वर्तमान देवपुर मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष गोविंद रघुवंशी,स्कूल प्राचार्य श्रीपाल गौतम वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन सिंह आरोलिया, प्रशिक्षण दाता विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी, नवांकुर संस्था कचनारिया रामचरण कुर्मी, अंकेश पटेल, किशोर कुर्मी, सरपंच प्रतिनिधि योगेंद्र राजपूत उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माँ भारती के चरणों में पुष्प अर्पण कर दीप जलाकर माल्याअर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### संस्था द्वारा अतिथियों का पौधा भेंट कर किया स्वागत

जन कल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित अतिथियों एवं प्रशिक्षण दाताओं का तिलक लगाकर एवं उपहार स्वरूप पौधा भेंट करके स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण का प्रथम सत्र वकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी द्वारा लिया गया। जिन्होंने जन अभियान परिषद की अवधारणा एवं परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया गया। वही द्वितीय सत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के किसान मोर्चा अध्यक्ष गोविंद सिंह रघुवंशी द्वारा लिया गया जिन्होंने समिति एवं संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं जब-जब गरेंठा संस्था के कार्यक्रमों में आया तब तक उन्होंने मुझे पौधा भेंट करके स्वागत किया। यह सबसे निराला और सुंदर स्वागत है और मैं यहां से यह पौधा ले जाकर पौधे का रोपण करता हूं जो बहुत ही अच्छा लगता है इसी प्रकार से हर कार्यक्रम में पौधा भेंट करके कार्यक्रम के अतिथि एवं कार्यक्रम के सहभागी सदस्यों को स्वागत करें। जिससे वह हर एक व्यक्ति हर कार्यक्रम के नाम पर एक पौधा लगता रहे जो पर्यावरण के लिए बहुत ही अच्छा एवं सराहनीय कार्य। इसी क्रम में तृतीय सत्र स्कूल प्राचार्य श्रीपाल गौतम द्वारा लिया गया जिन्होंने संस्कार के बारे में बताया गया। आज के समय मे संस्कार की महती आवश्यकता है और परिषद के कार्यों में मुझे जब-जब बुलाया गया है बहुत अच्छा लगा स्कूल कार्यक्रम में भी परिषद एवं संस्था के सदस्यों को सहभागी हमेशा ही करता रहा हूं जो होती अच्छा सावधानी कार्य करते हैं एवं कहा कि परिषद संस्कार केंद्र भी चलती है जो बहुत ही सराहनीय और अच्छा कार्य है जिसकी आज वर्तमान में बहुत ही आवश्यकता है। चतुर्थ सत्र नेतृत्व विकास नवांकुर संस्था कचनारिया रामचरण कर्मी द्वारा प्रशिक्षण का चतुर्थ सत्र सामाजिक नेतृत्व विकास लिया गया। जिन्होंने परिषद के साथ जुड़कर किस प्रकार से हम सामाजिक नेतृत्व विकास कर सकते हैं इसकी विशेष जानकारी प्रदान की गई। चतुर्थ सत्र दस्तावेजी करण जनकल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा संस्था प्रमुख किशोर कुमार द्वारा दस्तावेजी कारण सत्र के दौरान उपस्थित समितियां को दस्तावेजीकरण किस लिए आवश्यक है दस्तावेजीकरण किस तरह से करना चाहिए इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए 5 से 7 रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाने के लिए समिति को जागरूक किया। जो किसी समिति को संस्था में परिवर्तन करने के लिए संस्था से ब्लॉक जिला संभाग राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक जाने के लिए दस्तावेजीकरण समिति के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। वही पंचम सत्र नेतृत्व विकास एवं नर्सरी कार्यक्रम समन्वयक अंकित पटेल द्वारा सत्र के माध्यम से बताया कि समितियां में किस प्रकार से नर्सरी तैयार की जा सकती है और हमें किस प्रकार से अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए यह नर्सरी प्रशिक्षण के समय इसके लिए सभी कार्य एवं निपुणता बताई गई जिसके माध्यम से हम पौधे तैयार कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में समितियां से उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा एवं समिति के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट कार्यो के बारे में बताया गया एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में सहभागी समिति के अध्यक्ष सचिव सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस बीच कार्यक्रम में समितियों से पर्दा समिति से अमर सिंह कुशवाह, कादरपुर रतनलाल साहू, कोरवासा धर्मराज शर्मा, बांसखेड़ी गूगल से रामकृष्ण धाकड़, महेंद्र सिंह धाकड़, हटे सिंह धाकड़, गरेंठा समिति से बृजेश कुर्मी, रामकृष्ण कुर्मी, अंकेश, जगदीश, नितेश साहू एमसीएमसी डीपी छात्र वीरन सिंह कुर्मी, ज्योतिष धाकड़, सुमित शाक्य सहित समितियां से अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

# कांशीराम की 92वीं जयंती व आसपा का छठवां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



बहुजन नायक कांशीराम साहब की 92वीं जयंती के अवसर पर सिरोंज स्थित सुहाग गार्डन में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के तत्वावधान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित साथियों ने मान्यवर कांशीराम साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान संघर्ष, त्याग और बहुजन समाज के लिए किए गए अमूल्य योगदान को नमन किया। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम का छठवां स्थापना दिवस भी मनाया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष गब्बर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने दलित, पिछड़े, शोषित और वंचित समाज को संगठित कर उन्हें राजनीतिक शक्ति का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कांशीराम साहब का स्पष्ट संदेश था कि ह्हमारी लड़ाई हैंडपंप, सड़क, पानी या बिजली के लिए नहीं बल्कि सत्ता प्राप्ति के लिए है। सत्ता मिली तो इनका इंतजाम हम खुद कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने बहुजन समाज को यह विश्वास दिलाया कि राजनीतिक शक्ति ही सामाजिक सम्मान और अधिकारों की कुंजी है। उनका संपूर्ण जीवन बहुजन समाज की जागरूकता, संगठन और स्वाभिमान को समर्पित रहा। आज भी उनके विचार समाज को सामाजिक न्याय, समानता और बहुजन एकता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम साहब ने बहुजन आंदोलन को नई दिशा दी और शोषित-वंचित समाज को राजनीतिक मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया।

उनके संघर्ष और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस अवसर पर भारत अहिरवार, अक्षय सूर्यवंशी, निर्मल प्रभाकर, राहुल अम्बेडकर, संजीव आहिरवार, नीरज, तिलकराज, जानकी, आकाश, सुभाष चन्द्र, जसवंत, निक्की अम्बेडकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं सामाजिक साथी उपस्थित रहे।

## पात्र परिवारों को दो माह की राशन सामग्री

**सिरोंज।** एनएफएसए अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित कराई जा रही है। इसके लिए हितग्राही उचित मूल्य दुकानों पर लगायी गयी पीओएस मशीन से एक बार मार्च माह के लिए तथा दूसरी बार अप्रैल माह के लिए इस प्रकार कुल 02 बार मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर बॉयोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। 02 बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनो माहों की राशन सामग्री एक साथ दी जावेगी। एनएफएसए अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों से कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा अपील कि गई कि उचित मूल्य दुकान से दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन करके अपनी मार्च एवं अप्रैल दोनो माह की पात्रतानुसार राशन सामग्री एवं मशीन से निकाली गई 02 पावती भी प्राप्त करें।

फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

## हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

**सिरोंज।** थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार कुल्हाड़ी जप्त किया गया है। जिले में चोरी, नकबजनी एवं गंभीर अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मुगलसराय पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में प्रभावी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार 17 जनवरी को थाना मुगलसराय क्षेत्र अंतर्गत



ग्राम अनूपपुर में गंभीर घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा अपराध क्रमांक 11/26 धारा 109(1), 296(इ), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण में 26 जनवरी को दो आरोपियों राजन दांगी एवं मोनू दांगी को न्यायालय में पेश किया जा चुका था।

# साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर कुरवाई नगर में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा मुरलीधर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान मां कर्मा देवी की सुसज्जित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में समाज की मातृशक्ति पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं और भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्ति का वातावरण बनाया। वहीं युवाओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्वक भागीदारी दी। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मां कर्मा देवी साहू समाज की आस्था और प्रेरणा का प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से समाज को एकता, सेवा और सद्भाव की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शोभायात्रा के समापन बाद मंदिर मेंपूजा आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साहू समाज के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की चौथी संगोष्ठी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




गांधी सुमिरन मंच और जिला सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में मां हॉस्पिटल सभागार में सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की चौथी संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में फादर शिन्टो वरगीश और फादर सिजो ने ईसाई धर्म के मूल सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों पर सारगर्भित विचार रखे।

उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का उद्देश्य मानवता की सेवा और ईश्वर की अनुभूति है। भारत की परंपरा सदैव सहिष्णुता और सभी धर्मों के प्रति सम्मान की रही है। उन्होंने बताया कि ईसाई धर्म में ऊंच-नीच और छुआछूत का कोई स्थान नहीं है तथा अहिंसा का अर्थ प्रेम और वैरभाव का त्याग है। कार्यक्रम में जिला सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने गांधीजी के प्रिय भजन और सर्वधर्म प्रार्थना का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. केके पंजाबी ने किया। स्वागत भाषण डॉ. सुरेश गर्ग ने दिया तथा अंत में कोषाध्यक्ष विनोद पटैरिया ने

## जय श्रीराम के जयघोष के साथ रघुवंशी समाज का होली मिलन संपन्न

**विदिशा।** रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में रघुवंशी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने की। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने "जय श्रीराम" के जयघोष से पूरे परिसर को भक्तिमय माहौल से भर दिया। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने एक-दूसरे को भगवा तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि रघुवंशी समाज भगवान श्रीराम की मर्यादा, त्याग और सेवा के आदर्शों का वाहक है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर राजाराम रघुवंशी (पालकी वाले) को रघुवंशी समाज का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा अंत में सभी ने जय श्रीराम, जय रघुवंशी समाज के जयघोष के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# कुरवाई व मेहलुआ मंडल का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के कुरवाई एवं मेहलुआ चौक मंडल का दो दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग कुरवाई स्थित उत्सव गार्डन में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग 15 एवं 16 मार्च को आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अपना पंजीयन कराया तथा वर्ग की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम्‌ के साथ की गई। इसके पश्चात विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास एवं विकास जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रथम दिवस आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे भी सम्मिलित हुए और उन्होंने एक सत्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित कर संगठन की कार्यप्रणाली एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया। वहीं विषय प्रवर्तक के रूप में दिनेश सोनी (कुरवाई) एवं रमेश यादव (सिरोंज) ने भी सत्र लेकर कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास, विकास तथा विचारधारा के विषय में विस्तार से जानकारी दी । दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में बड़ी संख्या में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

पंचकल्याणक स्थल पर मुनि वृषभसागर महाराज की आहारचर्या, मध्यान्ह में हुआ केवल्यज्ञान कल्याणक

# 400 दिन के उपवास के बाद इक्षुरस से हुआ आहार दान कृत्रिम समवसरण की रचना के साथ धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के पाँचवें दिवस रविवार को जैन महाविद्यालय परिसर स्थित पंचकल्याणक स्थल पर प्रातःकाल मुनि श्री वृषभसागर महाराज की आहारचर्या संपन्न हुई तथा मध्यान्ह में केवलज्ञान कल्याणक का भव्य आयोजन किया गया।

यह आयोजन के शीतलधाम के अधिष्ठाता बरों वाले बड़ेबाबा भगवान आदिनाथ के नए मंदिर में विराजमान प्रतिमाओं की पंचकल्याणक प्रतिष्ठा के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महामुनिराज एवं विद्यानिधि आचार्य समयसागर महाराज के आशीर्वाद तथा निर्यापक श्रमण मुनि संभवसागर महाराज, मुनि निस्सीम सागर महाराज और मुनि संस्कार सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया सम्राट और तरुण भैया इंदौर के निर्देशन में सभी धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न कराई जा रही हैं। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रातः 6 बजे से मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ हुईं और सुबह 8:30 बजे मुनि वृषभसागर महाराज की लगभग 400 दिन के उपवास के उपरांत आहारचर्या सम्पन्न हुई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शुद्धता और श्रद्धा के साथ इक्षुरस से आहार दान किया। मध्यान्ह में मुनि संघ द्वारा विधीनायक प्रतिमा सहित सभी प्रतिमाओं पर अंकन्यास और कैवल्यज्ञान विधि मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराई गई। शुभ मुहूर्त में भगवान को केवलज्ञान की प्राप्ति का विधान किया गया। इस अवसर पर कृत्रिम समवसरण की रचना भी की गई, जिसमें देव-देवियों को विमान से उतरकर भगवान आदिनाथ की पूजा करते हुए दर्शाया गया। आयोजन के अंतर्गत 16 मार्च को मोक्ष कल्याणक, हवन, शोभायात्रा, बेदी प्रतिष्ठा और शांतिधारा के साथ छह दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का समापन होगा।

## देवखजुरी मंडल में पं. उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

**शमशाबाद।** भाजपा देवखजूरी मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 14 व 15 मार्च को आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में गोविंद सिंह पटेल ने भाजपा के इतिहास और संगठन की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में अरविंद श्रीवास्तव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा पर मार्गदर्शन दिया। तृतीय सत्र में तोरण सिंह दांगी ने संगठन विस्तार पर जोर दिया, जबकि चतुर्थ सत्र में आनंद जैन ने कार्यपद्धति और कार्यकर्ता समन्वय पर चर्चा की। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. राहुल जैन ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। डॉ. राकेश जादौन ने बूथ प्रबंधन और संगठनात्मक गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया।

# नवांकुर संस्था ने आयोजित किया समितियों का 1 दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से जिला विदिशा के सेक्टर शमशाबाद में संचालित नवांकुर संस्था प्रगतिशील लोक कल्याण सोसाइटी द्वारा समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर शमशाबाद के अंतर्गत संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने सहभागिता की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी धनेश पाठक एवं जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक भीकम सिंह दांगी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य समितियों को उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे अपने क्षेत्र में बेहतर तरीके से विकास कार्य कर सकें।कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से राम कृष्ण शर्मा,ईश्वरी भार्गव , मिंटू जैन , मनोज मेहर , देव नारायण , नीरज , विशाल सहित अनेक सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## नई गाइडलाइन की तैयारी, जिले की 178 अवैध कॉलोनियों की सूची जारी

# अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की सख्ती से कम हो रहीं रजिस्ट्रियां, जांच के बाद खरीद रहे जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में अवैध कॉलोनियों और बिना अनुमति की प्लॉटिंग पर जिला प्रशासन की सख्ती का असर अब पंजीयन कार्यालय में भी दिखाई देने लगा है। पहले जहां रोजाना रजिस्ट्री कराने वालों की लंबी कतारें लगती थीं, वहीं अब जिला व उप पंजीयन कार्यालय रायसेन में भीड़ कम हो गई है।

जिला प्रशासन ने हाल ही में जिले की 178 अवैध कॉलोनियों की सूची जारी कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीद-फरोख्त और रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन का कहना है कि कृषि भूमि पर बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित कर प्लॉट बेचे जा रहे थे, जिससे खरीदारों को भविष्य में कई तरह की कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसी को देखते हुए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देश पर अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्लॉट या जमीन की खरीद-फरोख्त से पहले उसकी वैधता की जांच जरूर करें। नागरिकों को सतर्क रहकर जमीन खरीदने सलाह दी जा रही है।

**प्रशासन ने की अपील जमीन खरीदने से पहले करें वैधता की जांच**

**नई गाइड लाइन लागू होने से अवैध प्लॉटिंग पर लगेगी रोक**




## 1 अप्रैल से नई गाइड लाइन लागू होगी, कॉलोनियों में 30 से लेकर 50 फीसदी तक बढ़ेंगी प्लॉटों की कीमत

जिले में एक अप्रैल से नई गाइड लाइन के अनुसार प्लॉट, कृषि भूमि की रजिस्ट्री होंगी। जिला मूल्यांकन समिति के प्रस्तावों पर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने मुहर लगा दी है। अब जिला समिति के प्रस्ताव एक अप्रैल से लागू हो जाएंगे। प्रस्ताव के अनुसार शहर की प्राइम लोकेशन सहित कृषि भूमि के दाम भी बढ़ेंगे। जिला मुख्यालय सहित सभी नगरीय निकायों में आवासीय व व्यवसायिक जमीन के दाम 10 से 50 प्रतिशत तक बढ़ने की पूरी उम्मीद है।

जिला पंजीयक अधिकारी रजनेश सोलंकी ने बताया कि जिले में कुल 2280 लोकेशन है, जो पंजीयन विभाग के जिला और उपपंजीयक कार्यालयों के दायरे में आती है। इनमें से 765 लोकेशन के दाम बढ़ सकते है। इनमें आवासीय तथा व्यवसायिक श्रेणी की लोकेशन शामिल हैं।

जिला मुख्यालय पर कॉलोनियों में 30 से 50 प्रतिशत तक दरों में वृद्धि का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इसी तरह शहर के तीनों मुख्य मार्गों पर 15 प्रतिशत वृद्धि होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि की दरों में 10 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि होगी।

### इनका कहना है

जिला मूल्यांकन समिति के प्रस्तावों को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने स्वीकृत कर दिया है। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। इससे पहले संपत्ति की रजिस्ट्री पुरानी दरों पर होगी। 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी रजिस्ट्रियां की जाएंगी, ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।

- **रजनेश सोलंकी,** जिला पंजीयक, रायसेन।

### प्रशासन की नई प्लॉटिंग गाइड लाइन तैयार

प्रशासन की नई प्लॉटिंग गाइड लाइन को लागू करने की भी तैयारी कर रहा है। इसमें जमीन के उपयोग, कॉलोनी विकास और प्लॉट बिक्री से संबंधित नियमों को और सख्त किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि नई गाइडलाइन लागू होने के बाद अवैध प्लॉटिंग पर प्रभावी रोक लग सकेगी और खरीदारों के हित भी सुरक्षित रहेंगे।

### जिले के 9 गांव प्लानिंग एरिया में किए शामिल

जिले में विकास को व्यवस्थित करने के लिए 9 गांवों को प्लानिंग एरिया में शामिल किया गया है। इनमें औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप और आवासीय विकास की संभावनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। जिला प्रशासन का मानना है कि इससे अनियोजित कॉलोनियों पर रोक लगेगी और योजनाबद्ध तरीके से विकास हो सकेगा।

## डिलीवरी के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी प्रसूता

# अमला गायब : इलाज न मिलने से आधे घंटे तड़पती रही महिला

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज का मामला स्टाफ मौके से रहा गायब**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल होती नजर आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में समय पर न तो डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं और न ही नर्स, जिसके कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला रविवार को सामने आया, जब सुबह 8 बजे बावड़ी निवासी 20 वर्षीय लक्ष्मी पति अनिल डिलीवरी के लिए परिजनों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में न तो कोई नर्स मौजूद थी और न ही डॉक्टर थे। प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला लक्ष्मी करीब आधे घंटे तक अस्पताल के बाहर ही पड़ी रही, लेकिन कोई स्टाफ नहीं आया।

परिजनों ने बताया कि प्रसव पीड़ा बढ़ने पर लक्ष्मी की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। यहां तक कि अस्पताल में दाई भी उपलब्ध नहीं थी, जिससे परिजन इधर-उधर भटकते रहे।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार अस्पताल में पानी तक की व्यवस्था नहीं रहती। अस्पताल की मोटर की चाबी कर्मचारी अपने साथ ले जाते हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को पानी के लिए भी भटकना पड़ता है।

### इनका कहना है

मामले में मैंने डॉक्टर से बात की है। महिला की सुरक्षित डिलीवरी हो गई है। स्वास्थ्य केंद्र देरी पर पहुंचने पर डॉ पलक पटेरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

**डॉ. एचएन मांडरे,** सीएमएचओ।

## खबर संक्षेप

### किले की तोप पर रोक लगाने मौन रैली आज

**रायसेन।** ऐतिहासिक किले की तलहटी में अवैध तरीके से किए जा रहे तोप संचालन के विरोध में आज सोमवार को सकल हिंदू समाज द्वारा मौन रैली निकाली जाएगी। सकल हिंदू समाज संगठनों ने बताया कि रैली का उद्देश्य किले के आसपास हो रहे तोप संचालन पर रोक लगाने की मांग को जिला व पुलिस प्रशासन तक पहुंचाना है। रैली 16 मार्च सोमवार को दोपहर करीब 3:30 बजे शहर के श्रीरामलीला मैदान से निकाली जाएगी। रैली में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल होकर शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### आज मनाया जाएगा मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव

**सिलवानी।** नगर साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नगर साहू समाज के तत्वावधान में नवयुवक मंडल द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समाज के सभी बंधुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर माँ कर्मा देवी की पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8 बजे से साहू समाज धर्मशाला में हवन-पूजन एवं आरती होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से भव्य चल समारोह एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं रात्रि साढ़े 8 बजे से प्रसाद वितरण एवं स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा।

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से जब्त किए घरेलू सिलेंडर

**रायसेन।** रसोई गैस सिलेंडरों की प्रदेश व्यापी किल्लत के बाद भी गैस सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग मुनाफाखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा बरेली क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस के दुरुपयोग संबंधी जांच की गई। जिसमें बरेली एसडीएम संतोष मुद्गल, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, सहायक आपूर्ति अधिकारी आपूर्ति रावत एवं राजस्व अमला शामिल रहा। जांच दल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही करते हुए न्यू राजस्थान स्वीट्स, गुजराती स्वीट्स, भावसार मिष्ठान, आरवी कैफे, मां नर्मदा रेस्टोरेंट, दीपक रेस्टोरेंट, कुन्नू का ढाबा, द इंडियन रिजॉर्ट, हरिहर ढाबा, गुरु कृपा ढाबा, सरल फूड प्लाजा, भैया जी वेज एवं नॉनवेज ढाबा, वैष्णवी ढाबा, रामपत रेस्टोरेंट तथा मिडवे ट्रीट, आशुतोष ढाबा, मां नर्मदा ढाबा एवं वैष्णवी रिजॉर्ट आदि छोटे बड़े सभी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी

## अनुपस्थित स्टाफ का वेतन काटने निर्देश दिए

# सीएमएचओ ने सांची के सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



लोगों को सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में अच्छा इलाज मिल सके, इसके लिए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने निरीक्षण किया।

सीएमएचओ डॉ मांडरे ने गत दिवस सांची के सिविल अस्पताल पहुंचकर इलाज व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन प्रगति की भी जानकारी ली। इस दौरान अनुपस्थित मिले डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ की अनुपस्थिति दर्ज करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# सांची की दो ग्राम पंचायतों को सामुदायिक भवन की सौगात मिली, निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



सांची विकासखंड अंतर्गत क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों को सामुदायिक भवन की सुविधा मिलने जा रही है। जिससे ग्रामीणों को सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दीवानगंज और नरखेड़ा में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। भवन का आकार करीब 35 फीट चौड़ाई और 85 फीट लंबाई का रखा गया है। सरकार द्वारा हर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए करीब 25 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। भवन बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक, सामाजिक कार्यक्रम, ग्राम सभाएं, विवाह समारोह और अन्य सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक भवन बनने से गांव में कई प्रकार की सुविधाएं बढ़ेंगी और लोगों को कार्यक्रमों के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इससे गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### होली बाद गर्मी ने दिखाए तेवर, बाजार में सन्नाटा


**दीवानगंज।** होली के बाद क्षेत्र में गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। रविवार को दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते हॉट बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा।

रविवार को दोपहर करीब 3 बजे तक बाजार में बहुत कम लोग दिखाई दिए। आम दिनों में जहां इस समय बाजार में अच्छी खासी भीड़ रहती है, वहीं तेज गर्मी के कारण दुकानदार भी सुस्त नजर आए और ग्राहक भी कम पहुंचे। तेज धूप के चलते मुख्य सड़कों पर भी आवाजाही कम रही।

# 28 मार्च को श्रीरामनवमी पर निकालेंगे भव्य शोभायात्रा

**रघुवंशी समाज की तैयारी तेज, घर घर जाकर दिया जा रहा आमंत्रण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन अवसर पर 28 मार्च को सिलवानी नगर में क्षत्रिय रघुवंशी समाज द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राम नवमी का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी और युवा लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं।

अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी युवा संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में समाज के युवा घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं। इस दौरान वे नगर के हिंदू सकल सनातन समाज के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आयोजन केवल रघुवंशी समाज का नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज की आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। राम नवमी के दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

यह शोभायात्रा जमुनियापुरा स्थित प्राचीन राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां, धार्मिक ध्वज, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

आयोजकों के अनुसार इस आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### इफको-एमसी ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर बांटे सहायक उपकरण

**सलामतपुर।** रविवार को कृषक सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बी पैक्स सांची में इफको-एमसी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही आसपास क्षेत्र से काफी अधिक संख्या में मरीज इलाज कराने के उद्देश्य से पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 185 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। हेल्पेज इंडिया एवं इफको-एमसी द्वारा आयोजित शिविर में खून की जांच, ब्लडशुगर एवं ब्लड ग्रुप की जांच की गई एवं निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया। साथ ही बुजुर्ग लोगों को स्टिक, वॉकर भी प्रदान किया। इस कार्यक्रम में डॉ. रवि श्रीवास्तव, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. जयश्री मिश्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ चंद्रमोहन मिश्रा छाती रोग विशेषज्ञ ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# दो चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार, नकदी व जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के औबेदुल्लागंज थाना पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए चांदी के जेवरात और नकदी सहित करीब 80 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक बीपी सिंह के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

### ऐसे हुई थी चोरी की वारदात....

पुलिस के अनुसार बीती 16 जनवरी को फरियादी सुनीता ने थाना औबेदुल्लागंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 जनवरी की रात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और करीब 40 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। इसी दिन फरियादी पदम सिंह चौहान ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारियों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी सहित करीब 90 हजार रुपए का मशरूका चोरी कर लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों तक पहुंची पुलिस विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदेहियों की तलाश शुरू की।




सूचना पर पुलिस ने कासिफ उर्फ सोहिल (30) निवासी सतलापुर और प्रवीण उर्फ अन्ना (27) निवासी मंडीदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए माल में से चांदी के जेवरात और नगदी मिलाकर करीब 80 हजार रुपये बरामद किए हैं।

## वाहनों के आवागमन के दौरान धूल उड़कर आखों में भरा रही

# पिपरिया रोड पर खनिज जांच चौकी के सामने रेत के ढेर, बिगड़ रहा वाहनों का संतुलन, हादसे का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिपरिया मार्ग से तहसील की अनेक रेत खदाने जुड़ी हुई है। दिन-रात इन वैध-अवैध रेत खदानों से डंपरों, ट्रैक्टर-ट्रालियों के द्वारा नर्मदा रेत का परिवहन हो रहा है। ग्राम नयागांव कला के पास जहाँ लगभग आधा दर्जन मैरिज गार्डन है। सडक़ किनारे ठेकेदार की खनिज जाँच चौकी वर्षो से संचालित हो रही है।

जांच चौकी के सामने मुख्य सडक़ के किनारे नर्मदा रेत के ढेर और सडक़ तक फैली रेत वाहनों के आवागमन में बाधा उड़ती धूल आखों में भरने से सन्तुलन बिगडऩे का कारण बन रही है।



**क्षेत्र के नर्मदा तटों पर चल रहा रेत का उत्खनन**

क्षेत्र के नर्मदा तटों से दिन-रात रेत का उत्खनन, परिवहन का कारोबार चल रहा है। नयागांव कला, मैरिज गार्डन के पास बनीं खनिज जांच चौकी खनिज विभाग की है या ठेकेदार की है। परन्तु रेत की जांच के नाम पर वाहनों से निकाली गई नर्मदा रेत की भारी मात्रा में ढेर मुख्य सडक़ के किनारे लगे हुए है। रेत की मोटी परत सडक़ तक फैली रहने से वाहनों के आवागमन से रेत के कण हवा के साथ चेहरों से टकराने आखों में भरने और श्वास के द्वारा फेफड़ों में जाने की परेशानियों भरी स्थिति का सामना वाहन चालकों को करना पड़ रहा है।

**व्यस्त मार्ग पर जोखिम भरी क्रांसिंग**

रेत के ढेरों और सड़क पर फैली मोटी रेत की परत पर वाहनों का क्रासिंग होता है तो वाहन फिसलने, संतुलन बिगड़ने की जोखिम भरी स्थिति बनती है। रेत का ढेर लगा रहने से ऐसा लगता है कि यहां से नर्मदा रेत बेची जाती है।

## नगर परिषद में लोक अदालत लगी

# विभिन्न करों की बकाया 11 लाख रुपए की राशि वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संचालनालय नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशों के पालन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर परिषद कार्यालय में हुआ। नगर परिषद बरेली द्वारा संपत्ति कर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, नगरीय विकास उपकर।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क एवं जलकर के 395 प्रकरण रखें गये थे। सभी बकायादारों को लोक अदालत में उपस्थित होकर ब्याज अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त कर राशि जमा करने का निवेदन किया गया था।




### 139 ने राशि जमा की

लोक अदालत में 139 करदाताओं द्वारा राशि जमा कर शासन द्वारा निर्धारित ब्याज एवं अधिभार मैं छूट का लाभ लिया गया है। नगर परिषद को 11 लाख 9589 रुपए की आय प्राप्त हुई है। लोक अदालत ने हरिशंकर वर्मा सीएमओ, लखन लाल अहिरवार राजस्व प्रभारी तथा समस्त वसूली कर्मचारियों की उपस्थित रही। सीएमओ ने सभी कर दाताओं का आभार व्यक्त किया गया।